## भीषण गर्मी और हीटवेव का असर

# एनसीसी कैंप में दो छात्रा कैडेट्स बेहोश

- फलावदा रोड स्थित कृषक इंटर कॉलेज परिसर में मची अफरा-तफरी
- उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** फलावदा रोड स्थित कृषक इंटर कॉलेज में चल रहे एनसीसी कैंप के दौरान मंगलवार को भीषण गर्मी और हीटवेव का असर देखने को मिला। अत्यधिक तापमान और उमस के कारण दो छात्रा कैडेट्स की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिससे वे बेहोश होकर गिर पड़ीं। इस घटना से कैंप परिसर में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार कैडेट्स आरती और आंचल प्रशिक्षण में भाग ले रही थीं, तभी तेज गर्मी के चलते उनकी तबीयत खराब हो गई। स्थिति गंभीर होते देख मौके पर मौजूद प्रशिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों छात्राओं को तत्काल एनसीसी वाहन के माध्यम से साम.दायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद उनकी हालत में सुधार होने पर उन्हें वापस कैंप में भेज दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि गर्मी और उमस के कारण कमजोरी एवं डिहाइड्रेशन जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। एनसीसी कैंप में बड़ी संख्या में कैडेट्स को आर्मी लाइफ, अनुशासन एवं शारीरिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, हल्का भोजन करने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है।

## जयंत चौधरी ने 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूर्नामेंट के लिए भारतीय दल को किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री यस्वतंत्र प्रभार एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने ताइपे ताइवान में 26 से 28 मई 2026 तक आयोजित होने वाली अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक और तकनीकी कौशल प्रतियोगिता 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स इनविटेशनल टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय दल को रवाना किया। भारत सरकार के माननीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री यस्वतंत्र प्रभार एवं शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि 2026 ताइपे कैपिटल कप वर्ल्डस्किल्स कॉम्पिटिशन से पहले टीम इंडिया के साथ बातचीत करके मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हुई। ये ग्लोबल प्लेटफार्म सिर्फ मेडल के बारे में नहीं हैं, बल्कि ऐसे अनुभवों के बारे में हैं जो आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और जीवन भर याद रहने वाली स्मृतियां रचते हैं।

# जनसुनवाई में प्रबंध निदेशक ने सुनी उपभोक्ताओं की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को संभव कार्यक्रम के अन्तर्गत डिस्कॉम मुख्यालय ऊर्जा भवन, मेरठ के सभागार में जन-सुनवाई का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जन-सुनवाई मे विभिन्न समस्याओं से जुडी कुल 26 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हे सुनकर प्रबन्ध निदेशक महोदय ने संबंधित अधिकारियो को शिकायतों का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। जन-सुनवाई मे उपभोक्ताओं ने मुख्य रूप से मीटर, विद्युत पोल, बिल संशोधन, नया कनेक्शन संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। जन-सुनवाई के दौरान अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना तथा कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया जिससे उपभोक्ताओं को तत्काल राहत मिली। जन-सुनवाई में मेरठ, सहारनपुर एवं बुलंदशहर आदि जनपदों के आवेदकों ने अपनी



शिकायते दर्ज कराई। प्रबन्ध निदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन-सुनवाई मे आए सभी प्रकरणों के निस्तरण की समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाए, उन्होनें निर्देशित किया कि शेष लंबित शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, समयद्ध एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए। जन-सुनवाई मे डिस्कॉम के वरिष्ठ अधिकारियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही जिसमें संजय जैन निदेशक (वाणिज्य), आशु कालिया निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन), स्वतंत्र कुमार तोमर निदेशक (वित्त), देवेन्द्र चन्द्र वर्मा मुख्य अभियन्ता, पी.के. सिंह, सगीर मुख्य अभियंता, राज. कुमार मुख्य अभियन्ता, गुलाब सिंह मुख्य अभियन्ता, गुरजीत सिंह मुख्य अभियंता, रजनीकांत मिश्र मुख्य अभियंता रहे। इसके अतिरिक्त जन-सुनवाई में अभिषेक सिंह अधीक्षण अभियन्ता, मो. अरशद अधीक्षण अभियंता, सोनम सिंह स्टाफ आफिसर, प्रशान्त सोनी, नवी सिंह, सौरभ मंगला एवं अन्य अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी आदि ने भी सक्रिय योगदान दिया।

# विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में व्यापार बंधु की बैठक आहूत की गई। बैठक का संयोजन अरुण कुमार पाण्डेय, उपायुक्त (प्रशासन) राज्य कर मेरठ द्वारा कराया गया। बैठक में व्यापार बंधु से सम्बन्धित कुल 31 समस्याएं शामिल थी, जिनमें से 08 समस्याओं का निस्तारण व्यापारी हित में कराया गया तथा लम्बित समस्याओं के सम्बन्ध में नगर निगम के अधिका. रियों एवं अन्य विभाग के अधिका. रियों को समस्याओं के समाधानध्निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर नगर आयुक्त नगर निगम सुश्री लवी त्रिपाठी, मुख्य अभियन्ता नगर निगम मेरठ, जिला सूचना अधिकारी, मेरठ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग आदि विभागों के अधिकारी विभिन्न व्यापार बंधु एवं व्यापार मण्डल के विभिन्न पदाधिकारी आदि उपस्थित रहें।

## एनएसडीसी ने फोर्थ वैली के साथ साझेदारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने टोक्यो स्थित एक ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स और इंटरनेशनल रिक्रूटमेंट फर्म फोर्थ वैली कंसीयर्ज कॉर्पोरेशन (एफवीसीसी) के साथ एक रणनी. तिक साझेदारी की है। एनएसडीसी के सीईओ अरुण कुमार पिल्लई ने कहा, इस साझेदारी का उद्देश्य जापान में भारतीय टैलेंट के लिए वर्क्फोर्स मोबिलिटी के अवसरों को मजबूत और उन्हें आसान बनाना है। यह साझेदारी जापानी वर्कफोर्स में शामिल होने वाले भारतीय प्रोफेशनल्स की विश्वसनीयता, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एफवीसीसी के संस्थापक और सीईओ योहेई शिबासाकी ने कहा कि भारतीय प्रोफेशनल्स अत्यधिक कुशल और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हैं और एक मजबूत विश्वसनीयता वेरिफिकेशन फ्रेमवर्क के जरिए हमारा लक्ष्य जापानी एम्प्लॉयर्स का भरोसा और बढ़ाना है और साथ ही जापान में भारतीय प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण और लॉन्ग-टर्म अवसर पैदा करना है।

# ईद पर्व को लेकर सफाई, बिजली और पानी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** आगामी ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर भाईचारा युवा समिति एवं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पदाधिका. रियों ने संयुक्त रूप से मवाना एसडीएम संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त कराने की मांग की। ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि ईद जैसे महत्वपूर्ण त्योहार को देखते हुए नगर क्षेत्र विशेषकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों तथा हस्तिनापुर क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पेयजल एवं बिजली आपूर्ति को 24 घंटे सुचारु बनाए रखने की मांग उठाई गई, ताकि त्योहार के दौरान लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा ज्ञापन में नगर पालिका की ट्रैक्टर-ट्रॉली द्वारा कुर्बानी के बाद बचे अवशेषों के समय पर निस्तारण और सफाई कार्य के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की




तैनाती की भी मांग की गई। पदाधिक. ारियों ने कहा कि त्योहार के दौरान स्वच्छता व्यवस्था बेहतर रहना जनहित में आवश्यक है।

ज्ञापन देने वालों ने प्रशासन से मांग की कि ईद पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस दौरान भाईचारा युवा समिति एवं एआईएमआईएम के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जलवायु परिवर्तन पर लोगों को किया जागरूक

## सुभारती पत्रकारिता विभाग एवं आजाद हिंद रेडियो की पहल, जलवायु परिवर्तन पर किया जागरुकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के गणेश शंकर विद्यार्थी सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने आजाद हिन्द रेडियो 90.0 एफएम के साथ संयुक्त तत्त्वावधान में जलवायु परिवर्तन पर सरिता पब्लिक स्कूल, पुठ्ठा, मेरठ में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम जलवायु परिवर्तन एवं सामुदायिक रेडियो के माध्यम से सहभागिता गतिविधियों का हिस्सा है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) ऋतेष चौधरी के निर्देशन में यह कार्यक्रम कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में बोलते हुए कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य वक्ता डा. संतोष कुमार गौतम ने जलवायु परिवर्तन प्रोजक्ट के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जलवायु परविर्तन तथा उससे होने वाले प्रभावों के बारे में लोगो जागरूक करना है। डॉ. गौतम ने बताया कि रेडियो जलवायु परिवर्तन तथा उसके दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय तथा आजाद हिन्द रेडियो ने पर्यावरण को बचाने का एक सामुहिक प्रयास शुरु किया है। इसे सफल बनाने के लिए समुदाय की भागीदारी अतिआवश्यक है। डॉ. गौतम ने कहा कि यदि हम अपनी भावी पीढ़ियों को सुरक्षित रकना चाहते हैं तो हमें अपने आज के जलवायु को सुरक्षित और संतुलित रखना होगा। वहीं सरिता पब्लिक स्कूल के प्रबंधक एडवोकेट सर्वेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए हमें व्यक्तिगत स्तर पर भी प्रयास करने होंगे। दूसरी ओर विद्यालय की प्रिंसीपल ममता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें संसाधनों का सही उपयोग करना चाहिए और अनावश्यक रुप से ऊर्जा की खपत नहीं करनी चाहिए। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों जैसे सौर ऊर्जा, पवन चक्की, पनबिजली परियोजना आदि के अधिकतम प्रयोग पर जोर दिया। ममता सिंह ने आग कहा कि यदि हम बिजली, जल, तथा परिवहन के साधनों का सही उपयोग करें तो यह जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने में सहायक होगा। इस जागरुकता कार्यक्रम में अंत में आभार इस परियोजना के सह समन्वयक डॉ. आशुतोष वर्मा ने व्यक्त किया। दूसरी ओर कार्यक्रम का संचालन सुभारती पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक आचार्य राम प्रकाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रो.(डॉ.) शल्या राज तथा कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम के आयोजन में सहायक प्राध्यापक तरूण जैन तथा छात्र तुषार कुमार शिक्षणेत्तर कर्मी हर्षित, संजय पाल, कपिल गिल, कुलदीप आदि का सहयोग रहा। वहीं इस अवसर पर सरिता पब्लिक स्कूल के अध्यापक विनित बसुटा, आंचल, ज्योति, पूनम, पूजा वर्मा, पारुल चौधरी, शुभांगी, ललित आदि विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे।

## दिल्ली विवि के हंसराज कॉलेज ने मीडिया शिक्षा को नई दिशा देने के लिए किया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज ने ग्लोबल फाउंडेशन फॉर मीडिया एंड नवाचार संस्थान (जीएफएमआई) के साथ समझौता किया है। यह पहल बालाजी फाउंडेशन और ए.पी.एन न्यूज के सहयोग से शुरू की जा रही है। इसके तहत एआई तकनीक, मीडिया, संचार और डिजिटल क्षेत्र से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रम चलाए जाएंगे। कॉलेज की प्राचार्य प्रो. रमा ने कहा कि इस पहल का मकसद पढ़ाई को एआई तकनीक से जोड़ना है, ताकि छात्रों को समय के अनुसार बेहतर शिक्षा और प्रशिक्षण मिल सके। इन पाठ्यक्रमों में जनसंचार, विज्ञापन, विपणन, विधि अध्ययन और डिजिटल मीडिया जैसे विषय शामिल होंगे। छात्रों को नई तकनीक से पत्रकारिता, डिजिटल प्रचार, ओटीटी सामग्री निर्माण, लेखन, एआई मीडिया तकनीक और संचार कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# अवैध रूप से चल रहे बकरी बाजार के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** कस्बा उझानी के गंज शहीदा, बकरी नाकासा स्थित मस्जिद के पीछे निजी संपत्ति पर बिना किसी वैध लाइसेंस के अवैध रूप से चल रहे बकरी बाजार को बंद कराने या उसे व्यवस्थित करने की मांग को लेकर मंगलवार को भाजपा नेताओं और श्पीपल्स फॉर एनिमल्सश के सदस्यों ने डीएम को एक शिकायती पत्र सौंपा।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि इस स्थान पर प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को अवैध रूप से बकरी बाजार लगाया जा रहा है। इस बाजार में भारी संख्या में बकरियों की खरीद-फरोख्त की जाती है। बाजार संचालन के लिए नगर पालिका से कोई वैध ट्रेड लाइसेंस नहीं लिया गया है। इसके अलावा, मौके पर पशु कल्याण और सार्वजनिक सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। शिकायत में कहा गया है कि बाजार स्थल पर पशुओं के लिए पीने के पानी, छाया/शेड, साफ-सफाई और पशु चिकित्सीय सुविधा की कोई व्यवस्था नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इस संबंध में नगर पालिका परिषद उझानी के अधिशासी अधिकारी को पहले भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।

अधिकारियों द्वारा यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह बाजार कई दशकों से संचालित हो रहा है। कानूनी कार्रवाई की मांगशिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कराकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाए। यदि वहां पशु बाजार संचालित करना ही है, तो उसकी उचित सीमा निर्धारण की जाए। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिला मंत्री रजनी शंखधार, सदस्य माहि सिंह भदौरिया, राकेश कुमार सिंह, प्रखर अग्रवाल, राहुल, हिमांशु और सचिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन मकान की गिरी शटरिंग

## एक मजदूर की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल, मची अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बीसलपुर।** रमपुरा रोड गैस एजेंसी के निकट मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। यहां एक निर्माणाधीन मकान की शटरिंग खोलते समय शटरिंग अचानक भरभराकर नीचे गिर गई।मलबे में दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, बीसल. पुर के पटेल नगर निवासी रामचंद्र (55 वर्ष) अन्य मजदूरों के साथ राजेश उर्फ अरविंद एडवोकेट के निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। मंगलवार को जब मजदूर लेंटर की शटरिंग हटा रहे थे, तभी अचानक भारी भरकम ढांचा नीचे गिर पड़ा। हादसे के वक्त वहां काम कर रहे मजदूर मलबे के नीचे दब गए, जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर बीसलपुर थाने के एसएसआई रमेश चंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मलबे में दबे मजदूरों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। हालांकि, तब तक रामचंद्र की सांसें थम चुकी थीं। इस हादसे में तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी पहचान निम्नलिखित रूप में हुई है।

बुद्धसेन (35 वर्ष), निवासी पटेल नगर।

वीरेंद्र (50 वर्ष), निवासी बौनी। बीरपाल, निवासी मोहल्ला दुर्गा प्रसाद। सभी घायलों को तुरंत एंबुलेंस की मदद से बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पीलीभीत जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष बीसल. पुर संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने मृतक रामचंद्र के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ॰

ाना अध्यक्ष ने यह भी कहा कि इस पूरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# भीषण गर्मी के चलते प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने विद्युत उपकेंद्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भीषण गर्मी के बीच विद्युत मांग में लगातार हो रही वृद्धि और उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने देर रात्रि मंगल पांडे नगर एवं रंगोली विद्युत उपकेंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रीष्मकालीन पीक आवर्स में पूरी सतर्कता, त्वरित प्रतिक्रिया और प्रोएक्टिव कार्यशैली के साथ कार्य किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि 1912 एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के फोन कॉल्स का त्वरित उत्तर दिया जाए तथा सौम्य, संवेदनशील एवं शिष्ट व्यवहार के साथ उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। स्थानीय फॉल्ट अथवा विद्युत व्यवधान की स्थिति में तत्काल संबंधित व्हाट्सएप ग्रुप पर सूचना साझा की जाए तथा मौके पर चल रहे कार्यों की फोटो एवं प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से अपडेट की जाए, जिससे मॉनिटरिंग और समन्वय प्रभावी बना रहे। सुरक्षा को सर्वोपरि बताते हुए प्रबंध निदेशक ने कहा कि कार्यस्थल पर समस्त सुरक्षा उपकरण का अनिवार्य उपयोग किया जाए और निर्धारित सुरक्षा मानकों एवं प्रोटोकॉल का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित निर्णय, बेहतर समन्वय और सुरक्षित कार्य संस्कृति ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति की कुंजी है।





# ततारपुर गोलचक्कर पर तेज रफ्तार का कहर, ईको-स्कॉर्पियो की भिड़ंत में पलटी कार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के ततारपुर गोलचक्कर के पास तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। ईको और स्कॉर्पियो कार के बीच हुई जोरदार टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दोनों वाहनों में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार दोनों वाहन ततारपुर गोलचक्कर की ओर से गुजर रहे थे। इसी दौरान अचानक दोनों गाड़ियों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई, जबकि ईको गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू करते हुए वाहन सवारों को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। दुर्घटना के चलते कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे में दोनों वाहन काफी क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।





# हाईवे-9 पर तेज रफ्तार का कहर, रोड रोलर से भिड़ी बाइक, युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में तेज रफ्तार का कहर लगातार लोगों की जान ले रहा है। नेशनल हाईवे-9 पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि तेज गति से जा रही बाइक सड़क पर खड़े रोड रोलर से टकरा गई। हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

मृतक की पहचान संभल निवासी सलमान के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही हाफिजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से बाइक सीधे रोड रोलर में जा घुसी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी का कहना है कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। वहीं युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में मातम पसर गया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, हाईवे पर बढ़ेगी निगरानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में सड़क हादसों पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। सोमवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में प्रभारी जिला. धिकारी एवं मुख्य विकास अधिक. ारी श्रुति शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों पर तत्काल सुधारात्मक कार्य कराए जाएं और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया जाए। बैठक में हाईवे पर ओवरस्पीड कैमरे लगाने, ब्लैक स्पॉट सुधारने और आपातकालीन सेवाओं को बेहतर करने पर विशेष चर्चा हुई। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) रमेश कुमार चौबे ने जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं और सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर गति नियंत्रण के लिए ओवरस्पीड कैमरे लगाने का प्रस्ताव भेजा जाए। साथ ही क्रिटिकल कॉरिडोर पर रंबल स्ट्रिप, कैटआई और रिपीटिड बार लगाने के निर्देश एनएचएआई की पीआईयू मुरादाबाद और गाजियाबाद इकाई को दिए गए।

एनएचएआई गाजियाबाद के अधिकारियों ने जानकारी दी कि निजामपुर ब्लैक स्पॉट पर फ्लाईओवर निर्माण का प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि फ्लाईओवर बनने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसके अलावा प्रवर्तन कार्रवाई तेज करने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने पर भी जोर दिया गया। बैठक में सभी टोल प्लाजा पर तैनात एम्बुलेंस और हाईड्रा मशीनों के रिस्पॉन्स टाइम की जांच के लिए परिवहन और पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए गए। वहीं सिम्भावली क्षेत्र में अतिरिक्त एम्बुलेंस और हाईड्रा की व्यवस्था करने को भी कहा गया, ताकि हादसे की स्थिति में त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुनील गुप्ता ने सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए संचालित कैशलेस उपचार योजना की जानकारी दी। वहीं बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि स्कूल बंदी के दौरान सभी स्कूली वाहनों की फिटनेस, परमिट व अन्य दस्तावेजों की जांच पूरी कराई जाए। दस्तावेज पूर्ण होने के बाद ही वाहनों का संच. ालन कराया जाए। बैठक में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता अभियान तेज करने पर भी बल दिया गया। अंत में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी रमेश कुमार चौबे ने सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



# चारे के बोंगे में आग लगने से किसान का भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव झंडा मुशर्रफपुर में पशुओं के चारे से भरे बोंगे में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में पूरा बोंगा धू-धू कर जलने लगा। घटना के दौरान आसपास मौजूद किसानों ने भागकर अपनी जान बचाई। हादसे में किसान को भारी आर्थिक नुकसान होने की बात सामने आई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सूखा चारा होने के कारण आग लगातार बढ़ती चली गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते दमकल विभाग नहीं पहुंचता तो आग आसपास के खेतों और मकानों तक फैल सकती थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात कारणों से चारे में आग लगी। घटना के बाद किसान परिवार सदमे में है। आग में पशुओं के लिए रखा गया चारा पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।



# पिलखुवा में चोरों का आतंक, घर से नगदी समेत इनवर्टर-बैटरियां चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले के पिलखुवा क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये की नगदी सहित इनवर्टर, बैटरियां और अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

बताया गया है कि देर रात चोर मकान में घुसे और घर में रखे करीब 40 हजार रुपये, दो इनवर्टर, चार बैटरियां, एक मोटर व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। सुबह परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। पीड़ितों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र के लोगों में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।



# धौलाना पुलिस के हत्थे चढ़ा लूट और चोरी करने वाला गिरोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना पुलिस ने कुंडल लूट और बकरा चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर बदमाश समेत चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन किशोर भी शामिल हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया कुंडल, चोरी के दो बकरे, अवैध हथियार और वारदात में इस्तेमाल किए गए दो वाहन बरामद किए हैं। थाना प्रभारी के अनुसार धौलाना क्षेत्र में महिला से कुंडल लूट और बकरा चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इसके अलावा कपूरपुर थाना क्षेत्र से भी बकरा चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस लगातार आरोपितों की तलाश में जुटी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने ग्राम रावली नहर पुल से देहरा जाने वाले मार्ग पर दबिश देकर चारों आरोपितों को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपितों ने कुंडल लूट और दोनों बकरा चोरी की वारदातों को स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से एक पीली धातु का कुंडल, चोरी के दो बकरे, दो तमंचे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो चाकू, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद की है। गिरफ्तार मुख्य आरोपित की पहचान अरमान पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम लोहगलो थाना अगौता जनपद बुलंदशहर हाल निवासी मुंडाली जनपद मेरठ के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अरमान पर हापुड़ और बुलंदशहर में चोरी, आर्म्स एक्ट समेत कई संगीन मामलों के मुकदमे दर्ज हैं। उसके साथ पकड़े गए तीनों किशोरों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।




# पिलखुवा में शनिदेव की मूर्ति खंडित, लोगों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र में असामा. जिक तत्वों द्वारा धार्मिक माहौल बिगाड़ने का मामला सामने आया है। बस स्टैंड पुलिस चौकी से कुछ ही दूरी पर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान शनिदेव की मूर्ति खंडित मिलने से लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

बताया गया कि सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने मूर्ति टूटी हुई देखी, जिसके बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पिलखुवा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत कराया। पुलिस ने तत्काल जांच शुरू करते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। जांच के दौरान एक युवक लोहे की रॉड के साथ सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिया है। पुलिस युवक की पहचान करने और घटना में उसकी भूमिका की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना पर नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी के पास इस तरह की घटना होना चिंता का विषय है। थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरो. पितों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# मोनाड विश्वविद्यालय में गूंजा नारी सम्मान का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित 'नारी शक्ति वंदन' कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता का प्रभावी मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद अनुसू. चत मोर्चा ओमप्रकाश सागर रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति डा. एम. जावेद, कुलसचिव कर्नल डी. पी. सिंह, उपकुलपति (प्रशासन) प्रो. योगेश पाल सिंह और मुख्य अतिथि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सागर ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी क्षमता और प्रतिभा से समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं किसी भी चुनौती का सामना कर सकती हैं। उन्होंने युवाओं से महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

कुलपति डा. एम. जावेद ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। कार्यक्रम में महिला सम्मान, सामाजिक जिम्मेदारियों और नैतिक मूल्यों को लेकर विचार-विमर्श भी किया गया। छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिला सशक्तिकरण के समर्थन में अपने विचार रखे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा। इस अवसर पर डा. प्रताप सिंह, डा. महीप मिश्रा, डा. ऋतु चिक्कारा, विकास त्यागी, डा. सुमित कुमार, डा. पवन शर्मा, डा. सौरभी दत्ता, डा. अमित चौधरी, डा. अमित सिंह, संजीव निमेष, विपुल चौधरी समेत विश्वविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



## एक नजर

### कट स्वीकृत कराने की मांग को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

पूर्व सांसद पत्याशी बागपत लोकसभा सुभाष चंद कश्यप ने जिलाधिकारी बागपत को पत्र देकर केन्द्रीय परिवहन मंत्री से दिल्ली-अक्षरधाम-देहरादून हाईवे पर बड़ौत-बिनौली, मेरठ मार्ग पर गांव बाजिदपुर के पास कट स्वीकृत कराने की मांग की।

### पुलिस ने मुठभेड़ में दबोचे दो अंतर्राज्यीय वाहन चोर

**मथुरा।** छाता पुलिस ने रिवार्ड और सर्विलांस टीम के साथ मिलकर दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को मुठभेड़ के बाद गिर" तार किया। इस दौरान चोरों के पैर में गोली लगी और उनके कब्जे से तीन चोरी की बाइक व हथियार बरामद हुए। छाता पुलिस, रिवार्ड टीम और सर्विलांस टीम की संयुद्र कार्रवाई में सोमवार रात दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों को मुठभेड़ में गिर" तार किया है। पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गये है। बदमाशों के कब्जे से तीन चोरी की बाइक, दो तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। सीओ छाता भूषण वर्मा ने बताया कि चेतक अकेडमी के पास जंगल में घेराबंदी की गई। आरोपितों ने गिर" तारी से बचने के लिए पुलिस पर ‍ायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैरों में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया। घायल बदमाशों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों ने नाम साकिर और साबिर निवासी गांव रुंधा, थाना खोह जिला डीग राजस्थान बताए है। बदमाशों के कब्जे से तीन चोरी की बाइक, दो तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपित वाहन चोरी की कई घटनाओं में पहले भी जेल जा चुके हैं। साकिर और साबिर के खिलाफ मथुरा के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और लूटपाट से जुड़े कई मुकदमे दर्ज हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# के.एम. अस्पताल में कैंसर मरीजों के लिए जगी नई उम्मीद

’kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए मथुरा का के.एम. मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एक नया संबल और उम्मीद की किरण बनकर उभरा है।

अस्पताल ने अपने यहाँ कैंसर के इलाज के लिए अत्याधुनिक और विश्वस्तरीय 'कैंसर केयर' सुविधाओं को और अधिक मजबूत किया है, ताकि ब्रज क्षेत्र के मरीजों को बड़े शहरों की ओर न भागना पड़े। वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. प्रीतेश आर. सिंह ने मरीजों और उनके परिजनों का हौसला बढ़ाते हुए एक बेहद महत्वपूर्ण बात कही। डॉ. प्रीतेश आर. सिंह ने अपने संदेश में कहा कैंसर केयर सिर्फ एक इलाज या थेरेपी नहीं है... यह मरीजों को एक नई उम्मीद देना, उनकी सही देखभाल करना और हर कदम पर उन्हें एक्सपर्ट गाइडेंस (विशेषज्ञ मार्गदर्शन) प्रदान करना है। कैंसर से जंग सही सकारात्मक सोच और सटीक इलाज से ही जीती जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कैंसर का नाम सुनते ही घबराने की जरूरत नहीं है। सही समय पर सही डॉक्टर की सलाह और मार्गदर्शन से इस बीमारी को पूरी तरह हराया जा सकता है। के.एम. मेडिकल कॉलेज में कैंसर के मरीजों के लिए शुरुआती जांच (डायग्रोसिस) से लेकर एडवांस कैंसर सर्जरी, कीमोथेरेपी और पोस्ट-ऑपरेटिव केयर की सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां डॉक्टरों की टीम न केवल मेडिकल इलाज कर रही है, बल्कि मरीजों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए एक संवेदनशील और सकारात्मक माहौल भी दे रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया आमतौर पर कैंसर का पता चलते ही मरीजों को दिल्ली, मुंबई या बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता है।



# खेवत हैं नाव, आज सखी रास बिहारी के संग खेलवे को दाव

’kkg VkbEl loknnkrk

xko/kuA श्रीनंदनी रास मंडल गोशाला में अधिक मास में चल रहे तीस दिवसीय मनोरथों के बीच रास बिहारी सरकार को कृत्रिम बनाए सरोवर में सुसज्जित नौका पर विराजमान कर नौका विहार कराया गया। श्रद्धालुओं ने हरिनाम संकीर्तन और नृत्य के साथ इस दिव्य उत्सव में भाग लिया। गोशाला परिसर में बनाए गए आकर्षक सरोवर और विशेष सजावट ने गिरिराज जी की तलहटी के भाव की अनुभूति कराई। जैसे ही ठाकुरजी नौका पर विराजमान हुए तो खेवत हैं नाव, आज सखी रास बिहारी के संग खेलवे को दाव के गायन बीच भक्त भावुक हो उठे। ग्रीष्म ऋतु में भगवान को शीतलता अर्पित करने और वृंदावन की जल-विहार लीलाओं के स्मरण में यह उत्सव मनाया जाता है। सूरदास व रसिक. जनों के पदों का गायन भगवत शरण व किशोरी शरण ने किया। राधाकुंड से आए पीठाधीश्वर महंत केशव दास व बनारस से आये दण्डी स्वामी ने नौका बिहार में विराजमान ठाकुर जी की आरती उतारी। हरिदास सोमनाथ ठाकुर जी महाराज ने बताया कि 'हरि अनंत हरि कथा अनंता' जिस प्रकार भगवान अनंत हैं, उसी प्रकार उनकी लीला भी अनंत हैं। भगवान की अनंतता और उनकी लीलाओं की विचित्रता अकथनीय है। उनकी प्रत्येक लीला का गोप. नीय रहस्य है जिसे संसार नहीं समझ सकता। ऐसी ही उनकी एक नौका विहार लीला है। इस अवसर पर संजय गुप्ता, संजीव गुप्ता, राजू गुप्ता, अजय गुप्ता, अजीत गुप्ता, वृंदावन के रासाचार्य स्वामी त्रिलोक चंद आदि थे।



